
हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री



4 रामानुजगंज-वाड्रफनगर मार्ग पुलिया के पास बना बड़ा गड्ढा, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना

## खबर संक्षेप

### बरबसपुर प्रधान पाठक को मिला नोटिस


**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला बरबसपुर संकुल बरबसपुर में विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाने के मामले पर जिला शिक्षा अधिकारी ने गंभीरता दिखाते हुए प्रधान पाठक रधुनाथ प्रसाद को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रकाशित खबर के अनुसार 26 नवंबर को विद्यालय परिसर में विवाह समारोह आयोजित किया गया, इसके बाद प्रांगण में भारी मात्रा में कचरा और डिस्पोजल सामग्री फैली हुई मिली तथा सफाई की जिम्मेदारी निभाने में आयोजनकर्ता पूर्णतः विफल रहा। इस पूरे आयोजन की अनुमति किस अधिकारी से प्राप्त की गई या प्रधान पाठक द्वारा स्वयं स्वीकृति दी गई। इस पर स्पष्टीकरण मांगते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने दो दिवस के भीतर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में जवाब प्रस्तुत न करने अथवा जवाब संतोषजनक न पाए जाने की स्थिति में प्रधान पाठक के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी, जिसकी पूर्ण जवाबदेही स्वयं उनकी होगी। प्रशासनिक स्तर पर इस घटना को शिक्षण संस्थानों के नियमों की अवहेलना मानते हुए कड़ाई से लिया जा रहा है।

### सशस्त्र सेना झंडा दिवस 8 को

**बैकुण्ठपुर।** 7 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस है, लेकिन रविवार को शासकीय अवकाश होने के कारण 8 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुबह 11 बजे सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाएगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि यह दिवस भारतीय सेना, अर्द्धसैनिक बलों, शहीदों, दिव्यांग सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण को समर्पित है। प्रतिवर्ष मनाए जा रहे इस दिवस के माध्यम से सैनिकों के हित में महत्वपूर्ण धनराशि जुटाई जाती है। झंडा दिवस पर युद्धों में हताहत हुए सैनिकों के पुर्नवास, उनके परिवारों की सहायता और सेना में तैनात जवानों के कल्याण में उपयोग होता है। देश की सीमाओं पर सुरक्षा देने वाले सैनिक आपदा, बाढ़, भूकंप व महामारी के समय भी जनसेवा में अग्रणी रहते हैं। झंडा दिवस के अंतर्गत दिया गया दान आयकर की धारा 80-सी के अंतर्गत करमुक्त है। प्रशासन ने अधिक से अधिक सहयोग कर सैनिक परिवारों के सम्मान व कल्याण में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

### युवक से मारपीट थाने में शिकायत दर्ज

**बैकुण्ठपुर।** युवक से मामूली बात पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने



आरोपी के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार शिकायतकर्ता ललित सिंह निवासी गदबदी थाना बैकुंठपुर ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिवस 1 दिसंबर को वह अपनी बाइक से बड़गांव स्थित राइस मिल बैकुंठपुर होते जा रहा था कि अपरान्ह 4:30 बजे जैसे ही वह ग्राम चेर अमिता फ्यूल्स के पास मुख्य मार्ग में खड़ा था ,तभी एक मोटर सायकल चालक मेरे बाइक से टकराकर वह गिर गया और वह उठकर वहां से चला गया, तभी ग्राम चेर निवासी राहुल राजवाड़े मेरे पास आया और मुझे ठीक जगह पर गाड़ी खड़ा नहीं करना कहकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट किया। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया।

### मामूली बात पर महिला से मारपीट, अपराध दर्ज

**पटना।** महिला से आपसी विवाद के बाद मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध पटना पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पटना थाना क्षेत्र के ग्राम जमड़ी निवासी शिकायतकर्ता महिला नागेश्वरी ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई की घटना दिवस 1 दिसंबर की शाम के समय धान ढोकर खेत से खलिहान ले गई, जहां मेरे पति सहाल एवं एतवारो बाइल भी थे। इसी दौरान मेरा पड़ोसी उजित तिग्गा हाथ में डंडा रखकर आया और कहा कि मेरे आम व बीही पेड़ को तोड़ दिए हो कहकर गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट किया, इससे मुझे चोट आई। इस मामले में शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 296, 351 (2) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया।

तहसीलदार व विभागीय टीम ने की कार्रवाई

# छिंदिया धान खरीदी: 254 बोरी अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में अवैध धान परिवहन और जमाखोरी पर जिला प्रशासन की सतत निगरानी के बीच गुरूवार को धान खरीदी केन्द्र छिंदिया में बड़ी कार्रवाई की गई। केन्द्र में नीरज कुशवाहा द्वारा धान की बोरी फड़ के अंदर लाते हुए पाए जाने पर तत्काल जांच की गई। मौके पर पहुंचे तहसीलदार पटना, सहायक पंजीयक, खाद्य निरीक्षक पटना तथा खाद्य एवं राजस्व विभाग के अधिकारी द्वारा विस्तृत जांच की गई।

जांच के दौरान श्री कुशवाहा का कथन लिया गया, जिसमें महत्वपूर्ण खुलासा हुआ कि खरीदी केन्द्र के पास स्थित सोनसाय के मकान में कुल 254 बोरी धान रखा गया था। इनमें से 24 बोरी धान को नीरज कुशवाहा द्वारा केन्द्र में खरीदे गए धान के स्टैक में मिलाया गया था। शेष 230 बोरी धान वही मकान में भंडारित पाया गया। जांच दल ने तत्काल



कार्रवाई करते हुए सभी 254 बोरी धान को जब्त कर सीलबंद कर दिया तथा इसे धान खरीदी केन्द्र छिंदिया के खरीदी प्रभारी रवि कुमार साहू की सुपुर्दगी में सौंपा गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, फर्जी बिक्री या अवैध संचयन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### धान खरीदी प्रभारी ने कलेक्टर से की शिकायत

धान खरीदी केन्द्र सरभोका के खरीदी प्रभारी ने कलेक्टर को शिकायत देकर इस समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनियमिता किए जाने की शिकायत कलेक्टर को देकर स्वयं को धान खरीदी केन्द्र सरभोका से हटाने की मांग की। शिकायत में धान खरीदी प्रभारी समिति सरभोका ने उल्लेख किया है कि इस समिति के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मनमानी ढंग से वारदाना को मनमानी ढंग से किसानों को घर में ले जाने दिया जाता है और किसानों के द्वारा समिति में धान घर से ही भर कर लाते हैं और बिना तौल पल्टी कर सीधे स्केटिंग कराया जा रहा है। मेरे द्वारा बार बार कहने पर भी अध्यक्ष नहीं मानते और मुझसे भी विवाद करते हैं। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि फड वारदाना गोदाम, धान स्टेक में भी अपने व्यक्तिगत कर्मचारियों को रखकर उनसे अवैध कार्य कराया जा रहा है,ऐसे में धान खरीदी केन्द्र में किसी भी प्रकार की कभी हानि होने पर धान खरीदी प्रभारी की जवाबदेही तय होती है। शिकायतकर्ता ने अपने शिकायत में उल्लेख किया कि धान खरीदी में किसी भी की कमी पाई जाती तो उसके लिए समिति के प्राधिकृत अधिकारी की संपूर्ण जवाबदारी होगी और आगामी धान खरीदी के लिए वर्तमान व्यवस्था के तहत मैं प्रभारी के रूप में धान खरीदी केन्द्र सरभोका में कार्य करने में पूर्ण रूप से असमर्थ हूं।

### सभी उपार्जन केन्द्रों से 14 हजार क्विंटल हुई धान खरीदी

**मनेन्द्रगढ़।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में छग सरकार के ऐतिहासिक निर्णय ने किसानों को वह सम्मान और भरोसा दिया है, जिसकी प्रतीक्षा वे वर्षों से कर रहे थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी और 3100 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य ने कृषि क्षेत्र में नई ऊर्जा, विश्वास और आर्थिक मजबूती प्रदान की है। इस पारदर्शी खरीदी व्यवस्था से किसानों की आय में बढ़ोतरी हुई है, ग्रामीण बाजारों में रौनक बढ़ी है, कृषि उपकरणों की खरीद में तेजी आई है, पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति सुगम हुई है और किसान आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होने से पारदर्शिता और त्वरित आर्थिक लाभ सुनिश्चित हुआ है।

### जिले के 25 उपार्जन केन्द्रों में आज सुचारू खरीदी

मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के सभी 25 उपार्जन केन्द्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार धान खरीदी प्रक्रिया गुरूवार को बेहद सुचारू और सफल रही। कुल 310 टोकन दर्ज किए गए, जिनमें से 255 समिति द्वारा तथा 55 टोकन ऐप के माध्यम से जारी किए गए। 4 नवंबर को कुल 14969.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई, इसमें समिति द्वारा खरीदी 12074.40 क्विंटल, टोकन ऐप से खरीदी 2894.80 क्विंटल, उपार्जन केन्द्रवार खरीदी का विवरण, कछौड़ 5 टोकन 261.20 क्विंटल ,कमर्जी 8 टोकन 384.00 क्विंटल, केल्हारी 18 टोकन 1069.60 क्विंटल, कोटाडोल 13 टोकन 357.20 क्विंटल, रांपा 7 टोकन 225.60 क्विंटल, कटकोना 12 टोकन 610.40 क्विंटल, कोड़ा 17 टोकन 947.60 क्विंटल, कौड़ीमार 16 टोकन 752.00 क्विंटल, खड़गवां 16 टोकन 791.40 क्विंटल, बरदर 12 टोकन 596.80 क्विंटल, रतनपुर 9 टोकन 451.20 क्विंटल, सिंगहत 4 टोकन 245.20 क्विंटल, कंजिया 10 टोकन 488.00 क्विंटल, कुवांरपुर 17 टोकन 845.20 क्विंटल, घुटरा 10 टोकन 432.80 क्विंटल, कठौतिया 9 टोकन 434.00 क्विंटल, चैनपुर 16 टोकन 612.40 क्विंटल, बंजी 9 टोकन 516.40 क्विंटल, जनकपुर 12 टोकन 905.40 क्विंटल, बहरासी 9 टोकन 406.00 क्विंटल, डोड़की 15 टोकन 743.60 क्विंटल, नागपुर 10 टोकन 441.80 क्विंटल, बरबसपुर 14 टोकन 569.60 क्विंटल, माड़ीसरई 21 टोकन 919.20 क्विंटल, सिंगरौली 21 टोकन 962.60 क्विंटल धान की खरीदी गई।

## अमीन पद भर्ती के लिए परीक्षा 7 को





**बैकुण्ठपुर।** आगामी 7 दिसंबर को कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के निर्धारित केन्द्रों में व्यापम द्वारा आयोजित अमीन भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की जाएगी। जानकारी के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा जल संसाधन विभाग में अमीन के रिक्त पदों की भर्ती के लिए परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए व्यापम को परीक्षा संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी गई है। जिला प्रशासन द्वारा व्यापम के निर्देशों अनुसार शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराने के लिए व्यापक तैयारी में जुट गई है। व्यापम द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से अमीन भर्ती परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षार्थियों के लिए भी व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसका पालन करने की अपेक्षा परीक्षार्थियों से की गई है।

### परीक्षार्थियों की गहन तलाशी

मिली जानकारी के अनुसार आगामी अमीन भर्ती परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को गहन तलाशी से गुजरना होगा। व्यापम के निर्देश के अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर दो घंटे पूर्व आना होगा एवं परीक्षा शुरू होने के आधा पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जाएगा, इसके पश्चात आने वाले परीक्षार्थियों का प्रवेश वर्जित रहेगा, इसके अलावा परीक्षार्थियों को यह भी सलाह दी गई है कि एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर ले, ताकि परीक्षा दिवस किसी तरह की कोई परेशानी परीक्षा केन्द्र ढूंढने में न लगे।

### हल्के रंग के कपड़े पहनने की सलाह-

व्यापम के निर्देशों के अनुसार आगामी 7 दिसंबर को होने वाले अमीन भर्ती परीक्षा लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के कपडे पहनकर आने की सलाह दी गई है, साथ ही गहरे कलर वाले कपड़ों के साथ फूल स्लीव शर्ट भी वर्जित होगा, इसके अलावा महिला अभ्यर्थियों को सीमित जेवर पहने की सलाह दी गई है। वहीं धार्मिक पोषाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर समान्य निर्धारित समय से पहले आने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान 11 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया जा रहा है। आयोग द्वारा पूर्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रमों की तिथियों में संशोधन करते हुए समय-सीमा बढ़ाकर नवीन संशोधित तिथि जारी किया गया है।

छग के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की शुरूआत 4 नवंबर से हो चुकी है। इसी क्रम में कोरिया जिले में भी यह अभियान तेज गति से जारी है। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में नियुक्त बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का विवरण अद्यतन हो सके। भारत निर्वाचन

- निर्वाचन आयोग ने जारी की संशोधित तिथि

आयोग ने इस विशेष पुनरीक्षण के लिए 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि के रूप में निर्धारित किया है। इससे 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के लिए मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने का सुनहरा अवसर उपलब्ध हुआ है। संशोधित तिथि के अनुसार मतदाताओं से गणना पत्रक प्राप्त करने की तिथि 4 दिसंबर से बढ़ाकर 11 दिसंबर तक किया गया है। मतदाता सूची का प्रारंभिक (प्रारूप) प्रकाशन 16 दिसंबर को किया जाएगा और इसी के साथ दावा आपत्ति प्राप्त करने की कार्रवाई भी शुरू हो जाएगी।

दावा आपत्तियां प्राप्त करने की तिथि 16 दिसंबर से 15 जनवरी तक निर्धारित किया गया है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 14 फरवरी को किया जाएगा। ऑफलाइन, बीएलओ के माध्यम से फॉर्म भरकर जमा करें, ऑनलाइन के तहत एकिनेट मोबाइल ऐप अथवा वोटर्स डॉट ईसीआई डॉट गर्वमेंट डॉट इन वेबसाइट पर ⏭ शेष पेज 4 पर

### बोलेरो पेड़ से टकराया एक और श्रद्धालु की मौत

**अम्बिकापुर।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली अंतर्गत ग्राम कुम्हिया निवासी अर्जुन जायसवाल (18 वर्ष) गांव के सतीश सिंह परिहार के बोलेरो क्रमांक यूपी 61 एए 6191 से अन्य लोगों के साथ रविवार को दर्शन करने कुदरगढ़ धाम आए थे। पूजा अर्चना के पश्चात सभी बोलेरो से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही वाहन सवार ग्राम घुई पहुंचे तभी चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन सड़क किनारे महुआ पेड़ से टकरा गई। सवार सतीश ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलअर्जुन को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर जिला स्तरीय समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़




विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ के अमृत सदन सभाकक्ष में जिला स्तरीय दिव्यांग समारोह का भव्य, भावनात्मक और उत्साहपूर्ण आयोजन हुआ।

भरतपुर, मनेन्द्रगढ़ और खड़गवां तीनों विकासखंडों से काफी संख्या में दिव्यांगजन शामिल हुए और पूरे सभागार में आत्मविश्वास, सम्मान और संवेदनाओं की अनूठी ऊर्जा साफ झलक रही थी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष श्रीमती जानकी बाई खुसरो, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह, रामजीत लकड़ा, समाज कल्याण विभाग की प्रभारी अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा तथा जनपद सीईओ सुश्री वैशाली सिंह उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती इंदिरा मिश्रा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के इस अर्थपूर्ण आयोजन में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी दिव्यांग भाई-बहनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन ⏭ शेष पेज 4 पर

## बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू करने कलेक्टोरेट स्टाफ को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग

**बैकुण्ठपुर।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार समस्त शासकीय कार्यालयों में आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू किए जाने के लिए कलेक्टर कार्यालय कोरिया में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रदान की गई।

प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को सेल्फ रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पोर्टल का उपयोग, मोबाइल एप्लीकेशन आधारबेस एवं आधार फेसरेड की इंस्टॉलेशन और संचालन का व्यावहारिक अभ्यास कराया गया। नियुक्त नोडल अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर लॉग-इन कर सेल्फ



रजिस्ट्रेशन के लिए आए हुए यूजर्स को एक्टिवेट किया गया, इसके बाद वे आधार-सक्षम प्रणाली से अपनी उपस्थिति दर्ज करने में सक्षम हो गए। ट्रेनिंग के दौरान संपूर्ण प्रक्रिया कर्मचारियों को इस प्रकार समझाई गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी कठिनाई न आए। इस अवसर पर सबसे पहले जिले की कलेक्टर का पोर्टल पर सेल्फ रजिस्ट्रेशन किया गया और नई प्रणाली के माध्यम से उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हुए इस व्यवस्था का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार कलेक्टोरेट के सभी कर्मचारियों को इस नई प्रक्रिया की विस्तृत ट्रेनिंग दी गई, ताकि आगे से प्रत्येक कर्मचारी इसी पद्धति से अपनी उपस्थिति दर्ज कर सके। यह प्रशिक्षण जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सुखदेव पटेल द्वारा प्रदान किया गया। प्रशासन का मानना है कि आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली अधिक पारदर्शी, सुव्यवस्थित और तकनीकी रूप से सक्षम बनेगी।

### वनकर्मी पर हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** बाघ गणना ट्रांजिट लाइन कार्य के दौरान वनकर्मी पर हमला करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पस्ता थाना अंतर्गत ग्राम बरदर खटवा निवासी प्रमीठ कुमार एक्का अपने दल के साथ बाघ गणना हेतु ट्रांजिट लाइन तैयार कर रहे थे। इसी दौरान तीन अज्ञात व्यक्ति जंगल में शराब सेवन करते हुए मिले। प्रार्थी के करने पर आरोपी उग्र हो गए और प्रमीठ एक्का पर पत्थर से हमला कर दिया। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ने शंकरगढ़ के दामोदरपुर निवासी सूर्य प्रताप सिंह व संतोष कुजूर को गिरफ्तार किया है।

## नियम उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी ने कड़ा रूख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि हाल ही में समाचार पत्रों और मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से यह पाया गया कि जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों के भवन एवं प्रांगण में बिना सक्षम प्रशासकीय अनुमति के निजी विवाह, जन्मदिन तथा अन्य उत्सवों के आयोजन किए जा रहे हैं।

यह भी देखा गया कि कार्यक्रम के उपरांत विद्यालय प्रांगण में कचरा एवं गंदगी छोड़ दी जाती है, जिससे शाला परिसर का वातावरण दूषित होता है और अध्ययनरत बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सभी शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों को निर्देशित किया है कि बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के किसी भी परिस्थिति में विद्यालय भवन अथवा प्रांगण को निजी कार्यक्रमों के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाएगा। यदि किसी प्रधान पाठक या प्रभारी द्वारा सक्षम अधिकारी को सूचना दिए बिना विद्यालय परिसर को निजी कार्य के लिए दिया जाता है, तो उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी और उसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित अधिकारी की स्वयं की मानी जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि शैक्षणिक संस्थान बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण के लिए होते हैं, इसलिए उन्हें निजी आयोजनों का स्थल बनाना किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है। कलेक्टर की अनुमति से जारी इन निर्देशों के बाद सभी स्कूलों में सख्त निगरानी एवं अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है।

आज न्यूनतम तापमान में होगी कमी

# चक्रवाती प्रभाव के कारण ठंड में ज्यादा तेजी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में ठंड का कहर जारी है। वर्तमान में सुबह-शाम ढलने के बाद तेज ठंड का असर है। इसी बीच मौसम विभाग ने 5 दिसंबर को न्यूनतम तापमान में गिरावट होने का अनुमान लगाया है। जानकारी के अनुसार शहर में गुरूवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री तथा न्यूनतम 8 डिग्री दर्ज की गई थी।

इसी तरह 5 दिसंबर को अधिकतम तापमान में एक डिग्री की बढ़ोतरी होकर अधिकतम तापमान 26 डिग्री रहने का अनुमान है, लेकिन आज शुक्रवार को मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस होने का अनुमान है। वहीं 6 दिसंबर को अधिकतम तापमान 26 डिग्री होगी और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोतरी होगी। चक्रवाती प्रभाव के कारण



क्षेत्र में छाया रहा कोहरा।

अभी कुछ दिनों तक अधिकतम तापमान में ज्यादा उतार चढ़ाव नहीं होगा, इसके बाद फिर जिले में ठंड की तेज रफ्तार होगी, तब लोगों को कड़ाके की ठंड के असर का सामना करना पड़ सकता है। वर्तमान में सुबह के कुछ घंटों तक ठंड का असर रहता है, वहीं दिन में धूप निकलने के कारण अधिक ठंड का असर नहीं होता, लेकिन शाम ढलने के बाद फिर कंपकंपी ठंड का असर होने लगा है। कुछ दिनों बाद दिन व रात के तापमान में गिरावट होना शुरू होगा, इससे जिले के लोगों को तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ सकता है।

⏭ शेष पेज 4 पर

### मैदानी व पठारी क्षेत्रों में ठंड का असर ज्यादा

चक्रवाती प्रभाव के कारण भले ही अधिक ठंड का सामना अभी नहीं करना पड़ रहा है, लेकिन इसके बाद जिले में दिन व रात के तापमान में गिरावट होने लगेगी और तेज ठंड का असर होगा। वहीं वर्तमान में जिले के मैदानी एवं पठारी क्षेत्रों में अभी से ही तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ रहा है। ठंड के बचने के लिए लोगों को अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। इस मौसम में बच्चों एवं बुजुर्गों को ठंड से अधिक बचाव करने की जरूरत होती है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## नई गाइड लाइन में ग्रामीण क्षेत्रों का पंजीयन राजस्व शुल्क 108 फीसदी, शहरी क्षेत्र का 26 फीसदी

# नई गाइड लाइन लागू होने के बाद उप पंजीयक कार्यालय में वीरानी, कम हुई भूखण्डों की रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शासन द्वारा भूमि पंजीयन के लिए नई गाइडलाइन लागू करने के बाद भूखण्डों के क्रय-विक्रय में भारी कमी आई है। सुबह से देर शाम तक गुलजार रहने वाले उप पंजीयन कार्यालय में वीरानी आई है। लोगों का कहना है कि पंजीयन राजस्व की दर में वृद्धि होने के कारण रजिस्ट्री की संख्या में कमी आई है वहीं अधिकारियों का कहना है कि शासन द्वारा नई गाइडलाइन में बदलाव कर पूर्व की विसंगतियों का निराकरण किया गया है जिससे शहर एवं ग्रामीण हर क्षेत्र के लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी।

**खास बात**

- ग्रामीण क्षेत्रों में वर्ग फीट की जगह प्रति हेक्टेयर की दर से रजिस्ट्री

शासन द्वारा भूमि पंजीयन के लिए नई गाइडलाइन लागू की गई है। जिसमें शहरी क्षेत्र के भूखण्ड के पंजीयन शुल्क में 26 फीसदी एवं ग्रामीण क्षेत्र में 108 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। नई गाइडलाइन लागू होने के बाद भूखण्डों के पंजीयन में कमी आई है वहीं गाइडलाइन की दर में संशोधन करने की भी मांगें उठ रही है। नई गाइड लाइन को लेकर अधिकारियों का कहना है कि नई गाइडलाइन जारी करने के पूर्व शासन द्वारा विभाग के माध्यम से व्यापक सर्वे कराया गया था। सर्वे में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों का विविध तरीकों से अध्ययन किया गया तथा आवागमन की सुविधा, व्यावसायिक उपयोग सहित अन्य आवश्यक तथ्यों के अध्ययन उपरांत रिपोर्ट शासन को भेजी गई जिसके आधार पर नई गाइड लाइन जारी की गई है। शहर के आसपास के गांवों में अधिक संख्या में भूखण्डों का क्रय-विक्रय होता है साथ ही ऐसे क्षेत्रों का तेजी से विकास होता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी सड़क किनारे के भूखण्डों की उपयोगिता अधिक रहती है। व्यवसायिक परिसर के आसपास की भूमि को व्यवसाय की दृष्टि से अधिक उपयोगी माना जाता है। शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में सड़क किनारे एवं सड़क से दूर के भूखण्डों की उपयोगिता अलग-अलग होती है। नई गाइडलाइन में ऐसे विकसित क्षेत्र के दरों में वृद्धि की गई है वहीं सड़क से दूर के भूखण्डों के राजस्व दर को सामान्य निर्धारित किया गया है। नई गाइडलाइन को लेकर लोग व्यर्थ ही आशंकित है नई गाइड लाइन में कई कंडिकाओं को हटा दिया गया है।



पंजीयक कार्यालय।

### हटाया गया प्रारूप- 2 को

अधिकारियों के अनुसार नई गाइड लाइन में प्रारूप-2 को हटा दिया गया है जिससे शासन को राजस्व हानि हो रही है। शासन ने 50 फीसदी राजस्व हानि को स्वयं वहन करने का निर्णय लिया है। नई गाइडलाइन में पंजीयन के लिए निर्धारित वर्गफीट माप को यथावत रखा गया है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के भूखण्ड के पंजीयन के लिए प्रति हेक्टेयर की दर से शुल्क निर्धारित किया गया है। इस बदलाव के बाद छोटा भूखण्ड क्रय करने पर भी राजस्व शुल्क का निर्धारण प्रति हेक्टेयर निर्धारित दर से किया जा रहा है जिससे क्रेता को कम शुल्क का भुगतान करना पड़ रहा है। अधिकांश क्षेत्रों में भूमि की दर अधिक निर्धारित है जबकि शासन द्वारा बेहद कम दर निर्धारित किया गया है तथा इसी दर से पंजीयन शुल्क भी तय किया गया है। नई गाइड लाइन में राजस्व शुल्क में सुधार किया गया है फिर वास्तविक दर से शासन द्वारा निर्धारित दर काफी कम है। भूमि अधिग्रहण की स्थिति में पूर्व बड़े भूखण्ड का मुआवजा कम तथा छोटे का अधिक भुगतान किया जाता था। नई गाइड लाइन में इस विषमता को हटाकर एक समान कर दिया गया है।

### कम हुई पंजीयन की संख्या

नई गाइड लाइन की दरें ऑनलाइन सिस्टम में अपडेट नहीं होने के कारण हर भूखण्ड के पंजीयन के लिए शुल्क का निर्धारण कर्मचारियों को मैनुअल करना पड़ रहा है साथ ही क्रेता-विक्रेता की संपूर्ण जानकारी दर्ज करनी पड़ रही है। इससे पंजीयन में काफी विलम्ब हो रहा है। नई गाइडलाइन लागू होने के बाद पंजीयन की संख्या में भारी कमी आई है। पूर्व में जहां हर दिन 50 से अधिक भूखण्डों का पंजीयन हो रहा था वहीं अब बमुश्किल 40 भूखण्डों का पंजीयन हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी पंजीयन की संख्या में कमी आई है। अधिकारी भूखण्डों का पंजीयन मैनुअल होने को कम रजिस्ट्री होने का कारण बता रहे हैं।

### दूर हुई हैं विसंगतियां

नई गाइड लाइन में विभिन्न विसंगतियों को दूर किया गया है। लगातार 7-8 साल तक राजस्व शुल्क में छूट मिलने के कारण नई गाइडलाइन की दरें अधिक लग रही है।

-विवेक कुमार सिंह, जिला पंजीयक

---

**खबर संक्षेप**



### होली क्रॉस आशा निकुंज में बच्चों को दी गई जानकारी

**अंबिकापुर।** महिला सशक्तीकरण केंद्र व समाज कल्याण विभाग के समन्वय से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी जेआर प्रधान के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय में अध्ययनरत दिव्यांग बालिकाओं और बालकों को समाज में समान अवसर और भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में जानकारी दी गई। लिंग आधारित हिंसा समाप्ति हेतु 16 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम का आयोजन होली क्रॉस आशा निकुंज विशेष विद्यालय में किया गया जिसका उद्देश्य दिव्यांग बालिकाओं और बालकों को मानसिक रूप से सशक्त बनाना व उनमें आत्मविश्वास को बनाए रखने है। बाल अधिकार एवं सामाजिक भेदभाव के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पक्षों की चर्चा की गयी। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने हेतु चर्चा की गयी साथ ही बालिकाओं में मैं लैंगिक समानता ,संवेदनशीलता ,साइबर सुरक्षा, आपातकालीन नंबरों जैसे 181, 1098, 1930, सुकन्या समृद्धि योजना, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, पॉक्सो एक्ट, आदि विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान जिला समन्वयक नूतन सिन्हा, वित्तीय विशेषज्ञ नेहा सिंह, आईसीपीएस से सुमंती खाखा व समाज कल्याण विभाग से विमलेश उइके, शाब्रा खान विशेष स्कूल की प्राचार्य श्रीमती श्वेता तिर्की, स्कूल के विशेष शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### ग्राम पण्डोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन में डॉ राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जयंती



**बिश्रामपुर।** ग्राम पंडोनगर स्थित राष्ट्रपति भवन में भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की बुधवार को जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उपस्थित रहीं,भारत के प्रथम राष्ट्रपति के 141 वीं जयंती पर केबिनेट मंत्री ने उनके छायाचित्र पर पुष्पाजंली अर्पित कर नमन किया,उपस्थितजनों के बीच श्रीमती राजवाड़े ने डॉ राजेंद्र प्रसाद के राष्ट्र निर्माण के योगदान को याद करते हुए उन्हें भारतीय इतिहास का महानायक बताया,इस अवसर पर उन्होंने उस समय को याद किया जब राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने पण्डोनगर की भूमि पर अपना कदम रखा था और यह स्थान आज भी कैसे राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद की विरासत को संजोए हुए है, इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद के यहाँ आने तथा क्षेत्र में पण्डो व अन्य जनजाति समुदाय के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का भी जिक्र किया, इस अवसर पर ग्रामवासी,जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कलेक्टर के नाम से बनाया गया फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट

**बलरामपुर।** जिले में एक नया साइबर अपराध सामने आया है, जहां अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज कलेक्टर राजेंद्र कटारा के नाम पर फर्जी आईडी बनाकर संदेश भेजा जा रहा है। यह मुख्य रूप से व्हाट्सएप के माध्यम से की जा रही है, जिसमें कलेक्टर के नाम और फोटो का इस्तेमाल किया जा रहा हैं। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने जिले की आम जनता से अपील की है कि वे इस प्रकार की संदेश से सतर्क रहें और किसी भी अनजान नंबर +84349589853 से आए संदेशों पर संवाद न करें। बलरामपुर कलेक्टर श्री कटारा ने कहा है कि अगर किसी को भी इस प्रकार की संदिग्ध फेक आई डी से संदेश या कॉल आता है, तो वे तुरंत ब्लाक तथा स्पैम रिपोर्ट करें।

---




## चार लाख कीमत गांजा के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

गांजा तस्करी के लिए तस्कर आए दिन नए-नए तरीके अपना कर कभी कार तो कभी बाइक के सीट के नीचे गांजा तस्करी करते है। हालांकि पुलिस ने पूर्व में भी ऐसे तस्करों को गिरफ्तार किया है। लेकिन अब तस्कर यात्री बस के माध्यम से ही गांजा तस्करी करना शुरू कर दिया। रेवटी पुलिस को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर न सिर्फ यात्री बस से भारी मात्रा गांजा बरामद किया बल्कि गांजा तस्करी कर रहे युवक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

- बस से कर रहा था गांजा तस्करी, रेवटी पुलिस की कार्रवाई

जानकारी के अनुसार चौकी रेवटी पुलिस ने अम्बिकापुर से रेनुकूट जाने वाली बस में गांजा ले जा रहे एक गांजा तस्कर को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 लाख रूपये कीमत के 12 किलो 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने नशे के कारोबार पर पूर्णतः अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए है। इसी परिप्रेक्ष्य में गत दिन चौकी रेवटी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि अंबिकापुर से रेनुकूट जाने वाली बस में एक व्यक्ति गांजा लेकर बिक्री करने बनारस जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने ग्राम चांचीडांड बनारस रोड़ पर नाकाबंदी कर बस की जांच की जा रही थी इसी दौरान बस से एक व्यक्ति 2 बैग लेकर भागने लगा जिसे पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ पर उसने अपना नाम सोनू पटेल आ. मुरारी लाल (32 वर्ष) व इन्जानी थाना चलगली निवासी बताया। पुलिस ने जब युवक की बेग की तलाशी ली तो बैग से 4 लाख कीमत के 12 किलो 300 ग्राम गांजा बतराद किया।पुलिस ने गांजा को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी रेवटी कृष्णा सिंह, एएसआई विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक शिव राजवाड़े, अभिलाष राम, आरखक अखिलेश दुबे, महेन्द्र कुमार, अशोक राजवाड़े, संत पैंकरा, अनिरूद्ध पैंकरा व मुरलीधर नायक सक्रिय रहे।

---

### हार जीत का दांव लगा रहे चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा, मोबाइल व बाइक जब्त

**सूरजपुर।** हार जीत का दाव लगा रहे चार जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से नकदी के अलावा मोबाइल व बाइक जब्त किया है। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे चौकी बसदेई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गंगोटी में बड़ी संख्या में कुछ लोग एकत्र होकर हार जीत का दांव लगा रहे है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे पोड़ी रामानुजनगर के जगदीश प्रसाद आ.रामनारायण साहू (48 वर्ष)] गंगोटी बसदेई के पूरन प्रसाद आ. धनराज (35 वर्ष), ग्राम मांजा के संजय साहू आ. परन राम (43 वर्ष) व ग्राम बांसापारा के सूरज साहू आ. राम संजीवन (32 वर्ष) को पकड़ा। पुलिस ने फड़ से 9 हजार 100 जब्त किया साथ ही जुआड़ियों के 4 मोबाईल व 4 बाइक को जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेन्द्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक महेन्द्र सिंह, अलका टोप्पो, बालमुकुन्द पाण्डेय, आरक्षक देवदत्त दुबे, शिवराज, रामकुमार, आदित्य यादव, राकेश सिंह, दिलीप साहू व महिला आरक्षक पूनम व प्रफुल्ला सक्रिय रहे।



## कॉलोनी क्षेत्र स्थित सूने क्वार्टर का ताला तोड़कर नकदी समेत सोने चांदी के जेवरात की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल आवासीय कॉलोनी में एक सूने मकान की रेकी कर अज्ञात चोरों ने नगदी समेत जेवरात लेकर फरार हो गये है,चोरी किये गये सामान की कीमत करीब एक लाख रुपये आंकलन की गई है।

गौरतलब है कि एसईसीएल कॉलोनी 1 बी 148 नंबर निवासी रीजनल वर्कशॉप में मैकेनिकल हेल्पर 48 वर्षीय अब्दुल रहीम पिता स्व.अब्दुल करीम गत दिनों 1 दिसंबर को एक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने परिवार सहित बिजुरी गए हुए थे,इसी बीच सूनेपन का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने क्वार्टर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर दो अलमारीयों के लॉकर को तोड़कर उसमें रखे करीब 10 हजार रुपए नगदी समेत सोने की चैन,एक जोड़ी सोने की बाली,सोने की दो अंगूठी,चांदी की दो जोड़ी पायल व अन्य सामान चोरी कर ले गए हैं, कोलकर्मी अब्दुल रहीम जब 1 दिसंबर की ही मध्य रात वापस घर लौटे तो देखा कि घर के सामने द्वार का ताला टूटा हूआ है और दरवाजा अंदर से बंद है,कोल कर्मी ने जब क्वार्टर के पिछले हिस्से में जाकर देखा तो गेट खुला हूआ पाया,प्रार्थी ने घटना की सूचना पुलिस को दी, बिश्रामपुर पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।






## एकलव्य विद्यालय में छात्रों ने सीखी लोकतंत्र की वास्तविक पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

पीएम एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भेलवाडीह में मॉडल यूथ ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यालय के विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, सामुदायिक निर्णय-निर्माण और जनप्रतिनिधियों की भूमिका का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। विद्यालय द्वारा जारी सूचना में बताया गया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों सरपंच, सचिव, पंचायत प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कर्मी की भूमिका निभाते हुए सक्रिय सहभागिता की। प्राचार्य धनेश्वर राम के स्वागत भाषण के बाद शिक्षक सचिन शर्मा ने ग्राम सभा की अवधारणा पर विद्यार्थियों को सरल और प्रभावी परिचय प्रदान किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भेलवाडीह सरपंच ने विद्यार्थियों को ग्राम शासन और प्रशासन की कार्य पद्धति से अवगत कराया। विद्यालय में छात्रों द्वारा एक सजीव ग्राम सभा का सफल और प्रभावशाली आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को नजदीक से समझते हुए विभिन्न भूमिकाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस आयोजन में छात्र-छात्राओं ने सरपंच, सचिव, उपसचिव, प्रधानाध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, वार्ड सदस्य जैसी भूमिका निभाई। ग्राम सभा का वातावरण तैयार करने के लिए आकर्षक सेट-अप बनाया गया था, जिसमें रंग-बिरंगे पेड़, झोपड़ियाँ, टेबल-कुर्सियों और सुन्दर ढंग से लगाया गया टेंट शामिल था। विद्यालय के प्राचार्य धनेश्वर राम, मुख्य अतिथि, सामाजिक विज्ञान के अध्यापक सचिन शर्मा एवं श्रीमती मंजू सिंह एवं अन्य शिक्षक और विद्यार्थियों ने कार्यक्रम की सराहना की।

- लगाई गई ग्राम सभा, सरपंच, पंच बने बच्चे

## आईटीसी की टीम ने नगर के कई प्रतिष्ठानों में की छापामार कार्रवाई

**रामानुजगंज।** नगर में आज सुबह आईटीसी की विशेष टीम ने नकली गुटखा और सिगरेट की बिक्री तथा कॉपीराइट उल्लंघन के संदेह पर कई प्रतिष्ठानों में एक साथ छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार, टीम पांच से छह वाहनों से एक साथ रायपुर से रामानुजगंज पहुंची और आते ही अलग-अलग दुकानों व गोदामों पर दबिश दी।

आईटीसी की टीम उन व्यापारिक प्रतिष्ठानों की जांच कर रही है, जिन पर डुप्लीकेट ब्रांडेड सिगरेट, गुटखा और अन्य तंबाकू उत्पादों की बिक्री के साथ कंपनी के कॉपीराइट का उल्लंघन करने की शिकायतें मिली थीं। टीम द्वारा स्टॉक की गहन तलाशी ली जा रही है, जिसमें संदिग्ध पैकेट, बंडल, स्टिकर और पैकिंग सामग्री की जांच शामिल है। सूत्रों के मुताबिक कई स्थानों से संदिग्ध सामग्री जब्त की गई है और संबंधित संचालकों से मौके पर ही पूछताछ जारी है। टीम ने अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक जानकारी सार्वजनिक नहीं की है, लेकिन यह माना जा रहा है कि कार्रवाई व्यापक स्तर पर चल रही है और कुछ अन्य ठिकानों पर भी दबिश की संभावना है। बस स्टैंड सहित स्थानीय बाजार में इस छापेमारी की खबर फैलते ही हड़कंप मचा हुआ है। व्यापारियों में चर्चा है कि नकली उत्पादों के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई की शुरुआत हो चुकी है। आईटीसी की ओर से बताया गया है कि जांच पूरी होने के बाद जल्द ही विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। फिलहाल कार्रवाई जारी है और पूरी प्रक्रिया को गोपनीय रखा गया है।



### अवधूत नगर में अघोरेश्वर भगवान राम एवं श्याम बाबा का महानिर्वाण दिवस मनाया गया

**सीतापुर।** अवधूत नगर के काली मंदिर में अघोर गुरु रक्षित राम बाबा के सानिध्य में श्री सर्वेश्वरी जनकल्याण सेवा समिति द्वारा अघोरेश्वर भगवान राम एवं अघोरेश्वर श्याम बाबा का महानिर्वाणी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अवधूत नगर के काली मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाने के बाद सफल योनि पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद मंदिर में आरती हवन पूजन के बाद अवधूत नगर से प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी मुख्य मार्ग से होते हुए हॉस्पिटल पहुंची जहां मरीजों के बीच दूध एवं फल वितरण किया गया। यहां से प्रभात फेरी वापस पहुंचने के बाद अवधूत नगर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें शामिल होकर भक्तों समेत लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



---

## शशिपुर स्थित माटीकला बोर्ड के प्रभारी ने प्रबंधक पर मारपीट करने का लगाया आरोप, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

माटीकला बोर्ड शशिपुर तेलईकछार स्थित सूरजपुर प्रभारी एवं सरगुजा संभाग के विकास अधिकारी प्रमोद डेविड ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर रायपुर मुख्यालय के प्रबंधक साकेत राजपुरिया पर धमकाते हुए मारपीट करने एवं घटना पश्चात सीसीटीवी के डीबीआर को गायब कर साक्ष्य मिटाने का गंभीर आरोप लगाया है।

- मारपीट की घटना पश्चात सीसीटीवी का डीबीआर हटाने के भी प्रबंधक पर लगे आरोप, साक्ष्य मिटाने की कोशिश

सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गत दिनों 29 नवंबर की शाम करीब 7 बजे प्रमोद डेविड तेलईकछार स्थित यूनिट में अकेला उपस्थित था, तभी माटीकला बोर्ड रायपुर प्रबंधक साकेत राजपुरिया अपने चार सहयोगियों कमलेश, भुनेश्वर, ईश्वर और एक अज्ञात युवक के साथ वहां पहुंचे, शिकायतकर्ता का आरोप है कि यूनिट में पहुंचने पश्चात प्रबंधक साकेत राजपुरिया द्वारा फर्जी बिल में साइन न करने,वित्तीय अनियमितताओं के साथ ही यूनिट में हुए शेड निर्माण के लिए लाखों रूपये की हेरा फेरी,चाक खरीदी,चाक वितरण में कुम्हार परिवारों से पैसे की मांग को लेकर पहले धमकाते हुए मारपीट की गई है।

घटना पश्चात अगले ही दिन 30 नवंबर को प्रबंधक साकेत राजपुरिया पुनः कार्यालय आए और यहां लगे सीसीटीवी कैमरों के डीबीआर को उतारकर अपने साथ ले गए,शिकायतकर्ता प्रमोद डेविड ने आरोप लगाया है कि प्रबंधक साकेत राजपुरिया द्वारा गलत दस्तावेज तैयार करवाने, अनियमित कार्यवाही में शामिल होने, नकली हस्ताक्षर करने का लंबे समय से दबाव डाल रहे थे। पीड़ित के अनुसार उनका तीन माह का वेतन बिना कारण रोका गया है और अब 1 दिसंबर को कार्यमुक्त करने का आदेश भी जारी कर दिया गया है,सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में मांग की गई है कि मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए,डीबीआर गायब करने की घटना की जांच हो, एवं वेतन रोके जाने और कार्यमुक्ति आदेश पर पुनर्विचार किया जाए।

### कार की टक्कर से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम खड़गवां निवासी आकाश कुमार आ. महेश राम (30 वर्ष) 29 नवम्बर को अकेले बाइक से ग्राम कर्रा निवासी बाबा से मिलने आया था। मंगलवार को बाइक से जा रहा था और जैसे ही परसापानी के समीप पहुंचा तभी अज्ञात कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना को देख राहगीरों की मदद से घायल को राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया । साथ ही परिजन को बताया गया कि धायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिए जाने की सूचना दी गई। परिजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

## ओपीएस के वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक समारोह ओपीएस सेलेस्टिया 2025 महापौर मंजूषा भगत, सेकरेटरी यूनियन प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह पैंकरा, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अम्बष्ट एवं पार्षद बाबर इदरीसी के आतिथ्य में मनाया गया। समारोह में स्कूल हेड बॉय यर्थात पाण्डेय ने स्वागत भाषण दिया तथा अनुष्का श्रीवास्तव एवं ग्रुप ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। समारोह में प्री प्रायमरी के बच्चों की बम्बल बीस, ओपीएस मिनीयन्स, ग्रूव ओलम्पिक्स, जुम्बा डेजलर्स, फास्ट फीट स्टेडी स्पेप्स एवं भारतीय सद्भाव उत्सव नृत्य की प्रस्तुति दी। सीनियर विद्यार्थियों ने पंचतत्व कार्यक्रम वहीं प्रायमरी के विद्यार्थियों ने हमर जुन्हा सरगुजा, रिदम ऑफ फेदर्स, रसांजलि एवं ह्यूमन स्केर क्रो की प्रस्तुति दी। सीनियर विद्यार्थियों ने इंग्लिश स्किट-डाक्टर फाउसटस बाई क्रिसटोफर मारलो एवं हिन्दी स्किट-कहानी, घर-घर की, मेरे ओरिएण्टल में क्या नहीं कव्वाली, चित्रहार, मरमरिंग डांस मार्शल आर्ट की भारत की अनेकता में एकता पर आधारित नृत्य भारत की यात्रा प्रस्तुत की।

समारोह में ग्रैण्ड पेरेन्ट्स स्टूडेंट्स ड्यूट डांस में उर्वी सिंह एवं दादी श्रीमती रिवा सिंह ने प्रथम स्थान, अंजनय सोनी, दादी कौशल्या सोनी और दादा परशुराम सोनी ने द्वितीय तथा यज्ञेश सरकार एवं नानी श्रीमती रीना मुखर्जी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बॉलीवुड मैशप, भारत की यात्रा एवं आरकेस्टा परफॉरमेंस साइंस एवं आर्ट गैलरी प्रदर्शनी का अभिभावकों ने भरपुर आनंद लिया। इस दौरान 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अलंकृता शर्मा, ध्रुव पुरी आदर्श गुप्ता, ऋषि दास, शायान मसूद, राज गुप्ता तथा प्रथम आने वाले आन्वी जायसवाल, अनिशा गुप्ता, रूहान खान, देवांश सिंह, मोहम्मद वारिश अखतर, उदभव पैंकरा, हाना सिद्धिकी, सामित कुजूर, शैलजा जायसवाल, रिद्धिमा यादव, अदिति सिंह, गौरव गायकवाड़ एवं मर्सी कच्छप को पुरस्कृत किया गया। ओरिएण्टलाईट ऑफ द इयर अवार्ड यर्थाथ पाण्डेय को दिया गया।



# आमिर ने अनाउंस की अगली फिल्म हैप्पी पटेल : खतरनाक जासूस

**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस की अगली फिल्म का ऐलान हो गया है। मिस्टर परफेक्शनिस्ट इस बार एक जासूसी फिल्म लेकर आ रहे हैं, जिसका नाम है 'हैप्पी पटेलः खतरनाक जासूस'। एक मजेदार अनाउंसमेंट वीडियो के साथ फिल्म का ऐलान किया गया है। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी वीर दास के कंधों पर है। इसमें वे लीड रोल भी अदा करेंगे। उनके साथ मोना सिंह नजर आएंगी। यह फिल्म जनवरी में रिलीज होने वाली है। आमिर खान प्रोडक्शंस के इंस्टाग्राम अकाउंट से अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया गया है। इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'क्या बनाया' से 'क्या बनाया' तक कॉमेडी, एक्शन, रोमांस और कुछ जासूसी चीजों के वाइल्ड राइड के लिए तैयार हो जाइए।

लाइफ Style



# जान्हवी

## गलत खबर चलाने वालों को लिया निशाने पर

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने सेलेब्स की मौतों को सनसनीखेज बनाने के लिए सोशल मीडिया और मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की है। अपनी मां श्रीदेवी और हाल ही में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन का जिक्र करते हुए, जान्हवी ने गलत खबर चलाने वालों को भी निशाने पर लिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी ने सेलेब्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की, जब उनकी जिंदगियां सार्वजनिक हो जाती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मीडिया का माहौल अक्सर हानिकारक सुर्खियों और कहानियों को बढ़ावा देता है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए जान्हवी ने ये भी कहा कि कहीं न कहीं इस समस्या के लिए सेलेब्रिटीज भी जिम्मेदार हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि हमने देखा कि धरमजी के साथ क्या हुआ और ऐसा पहले भी कई बार हुआ है। मुझे यकीन है कि यह और भी बदतर होगा। मुझे लगता है कि हम इस समस्या का हिस्सा हैं। हर बार जब हम वीडियो, हेडलाइन या कहानियां - व्यूज़, कमेंट्स, लाइक्स - देते हैं, तो हम इस संस्कृति को बढ़ावा दे रहे होते हैं। जान्हवी ने कहा कि मीडिया में जिस तरह से मेरी मां के निधन को दिखाया गया, उससे मेरा दुःख और भी गहरा हो गया। जब मैंने अपनी मां को खोया, तो यह बहुत बुरा था। मुझे नहीं पता कि आप सब सोच भी सकते हैं कि अपने किसी इतने करीबी को खोना और उसे मीम बनते देखना कैसा होता है। मुझे यह भी नहीं पता कि इसे कैसे समझाऊं, लेकिन यह और भी बुरा हो गया है। मैं मां के निधन के बारे में सार्वजनिक रूप से बात करने से बचती हूं, इस डर से कि लोग सोचेंगे कि वह सुर्खियां बटोरने के लिए इसका इस्तेमाल कर रही हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# ट्रैविस बार्कर संग बनाए कई गाने

लॉस एंजिल्स। रैपर पुअरस्टेसी का 26 साल की उम्र में निधन हो गया। वे अपने अनूठे संगीत मिश्रण हिप-हॉप, पंक रॉक और मेटल के लिए जाने जाते थे। वह अक्सर ट्रैविस बार्कर के साथ काम करते थे। पाम बीच के रहने वाले पुअरस्टेसी ने दो स्टूडियो एल्बम और दो एपी रिलीज किए। इससे उन्हें अच्छा फैन बेस मिला। उन्होंने और बार्कर ने कई ट्रैक पर साथ काम किया, जिनमें 'चूज लाइफ', 'नथिंग लेफ्ट', और 'हिल्स हैव आइज' शामिल हैं। पुअरस्टेसी ने सिंगर-रैपर इयान डायर के साथ भी टीम बनाई और ग्रैमी-नॉमिनेटेड 'बिल एंड टेड फेस द म्यूजिक' साउंडट्रैक में भी दिखे।



# पेंडोरा की दुनिया और एश लेडी देख दीवाने हुए फैंस

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेम्स कैमरून की फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' के साथ पेंडोरा में वापसी की दुनिया भर में प्रीमियर के बाद ट्विटर पर शुरुआती प्रतिक्रियाओं के साथ ही प्रशंसा मिल रही है। प्रशंसकों और आलोचकों ने सोशल मीडिया पर इसे साल की सबसे बड़ी सिनेमाई फिल्म बताया है। एक फैन ने लिखा, 'यह अब तक की सबसे अच्छी अवतार फिल्म है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'दिल को छू लेने वाली कहानी, जबरदस्त एक्शन और इतने शानदार सींस कि विश्वास नहीं होता।' फिल्म 'अवतारः फायर एंड ऐश' को लेकर अपनी अलग-अलग राय दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'जेम्स कैमरून ने फिर साबित कर दिया कि बड़े पर्दे का असली मतलब क्या होता है।' तो वहीं एक और फैन ने लिखा, 'यह फिल्म सिर्फ आईमैक्स 3डी में देखनी चाहिए, वरना मजा अधूरा रह जाएगा।'



# इस बार बेटी के साथ मनाएंगी क्रिसमस

**मुंबई।** कियारा आडवाणी ने हाल ही में अपनी बेटी के नाम से पर्दा उठाया था। उन्होंने अपनी बेटी का नाम सरायाह मल्होत्रा रखा है। वहीं, अब क्रिसमस से पहले कियारा ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस ट्री की एक झलक शेयर कर अपने दिल की बात बताई है। कियारा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की है जिसमें एक क्रिसमस ट्री दिखाई दे रहा है। इसके सामने एक कप नजर आ रहा है जिसमें शायद ग्रीन टी है, यह तो साफ नहीं है, लेकिन ऐसा लग रहा है कि कियारा सर्दियों में इस पेय का भरपूर आनंद ले रही हैं। इसके साथ कियारा ने लिखा, 'साल का सबसे अच्छा समय।' इसके साथ ही एक दिल वाला इमोजी बनाया। कियारा और सिद्धार्थ हर बार क्रिसमस बड़े धूमधाम और उत्साह से मनाते हैं। पिछले साल, इस जोड़े ने अपने क्रिसमस सेलिब्रेशन की एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की।



# एक्टिंग के खिलाफ था जिम्मी का परिवार

**मुंबई।** जिम्मी शेरगिल बॉलीवुड के ऐसे कलाकार हैं जिन्होंने फिल्मों में चुनिंदा किरदार किए हैं। परिवार के खिलाफ जाकर उन्होंने एक्टिंग में कदम रखा। शुरुआत में उन्हें फिल्मों में छोटे लेकिन दमदार किरदार मिले। इन किरदारों की तारीफ हुई और इनसे उन्हें पहचान मिली। बॉलीवुड के साथ उन्होंने पंजाबी फिल्मों में खूब नाम कमाया है। जिम्मी शेरगिल ने साल 1996 में फिल्म 'माचिस' से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। इसमें उन्होंने जयमाल सिंह का छोटा किरदार निभाया था। इसके बाद वह फिल्म 'जहां तुम ले चलो' में नजर आए। हालांकि, उन्हें इन फिल्मों से बहुत ज्यादा पहचान नहीं मिल सकी। साल 2000 में जिम्मी शेरगिल ने शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें' में सपोर्टिंग किरदार निभाया। वह इसमें एक कॉलेज स्टूडेंट बने थे। इस फिल्म ने उन्हें बॉलीवुड में पहचान दिलाई।

## टीवी मसाला




# लाफ्टर शेफ्स 3 प्रोमो: बिगड़े बच्चों की पैरेंट्स टीचर मीटिंग

**नई दिल्ली।** 'लाफ्टर शेफ्स 3' के प्रोमो में दिखाया गया है कि भारती सिंह कहती हैं कि इस सीजन के बिगड़े हुए बच्चे (ईशा मालवीय, अभिषेक कुमार, समर्थ जुरैल और ईशा सिंह) की पैरेंट्स टीचर मीटिंग होगी। शो में ईशा सिंह की मां, समर्थ जुरैल के पिता, अभिषेक के पिता और ईशा की मां आती हैं। ये देखकर सभी हैरान रह जाते हैं। इसके बाद भारती सिंह ईशा मालवीय की शिकायत करते हुए उनकी मां से कहती हैं कि उन्होंने कोई काम नहीं किया है। इधर से उधर घूमती रहती है। इस पर वो कहती हैं, 'मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि नालायक लड़की को पैदा किया, कुछ बाना नहीं आ रहा।' इसके बाद समर्थ के पापा से कृष्णा अभिषेक कहते हैं कि आप क्या ढूंढ रहे हैं तो वो बोलते हैं कि मैदा। इस पर वो मौज लेते हुए कहते हैं, 'अपना बेटा ठीक से नहीं किया पैदा, ढूंढ रहे हो मैदा।' 'लाफ्टर शेफ्स' का तीसरा सीजन पिछले महीने से ऑनएयर हो रहा है। आप इसे कलर्स चैनल और जियो हॉट स्टार पर देख सकते हैं। ये शनिवार और रविवार को रात 9 बजे कलर्स चैनल पर आता है। इस सीजन में तेजस्वी प्रकाश, करण कुंद्रा, समर्थ जुरैल, अभिषेक कुमार, कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, ईशा सिंह, विवियन डिसेना, ईशा मालवीय, एल्विश यादव, जन्नत जुबैर, अली गोनी, गुरमीत चौधरी और देबीना बनर्जी हैं।


## बहरीन की मस्जिद पहुंचीं मन्नारा

**नई दिल्ली।** बीते दिन सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ दुबई की एक मस्जिद में गई थीं, जिसके बाद उनकी खूब आलोचना हुई थी। और अब मन्नारा चोपड़ा अपनी मां के साथ अबाया पहने बहरीन की एक मस्जिद में पहुंची, जहां से ढेरों तस्वीरें शेयर कीं, जिस पर लोगों की अलग-अलग प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कोई उन्हें खूबसूरत बता रहा है तो कोई उन्हें राम मंदिर जाने की नसीहत दे रहा है। मन्नारा चोपड़ा, जो कि प्रियंका चोपड़ा की कजिन हैं, 'बिग बॉस 17' में नजर आई थीं और दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई थी। उन्होंने साउथ की फिल्मों में अभिनय किया और अब मुंबई में शिफ्ट हो गई हैं। हाल ही में इन्होंने अपने पिता को खोया था, और कुछ समय के लिए ये लाइलाइट से दूर हो गई थीं। मगर अब फिर से से अपने ग्लैम अवतार में लौट आई हैं। एक्ट्रेस ने 2 दिसंबर को इंस्टाग्राम पर कई सारी फोटो पोस्ट की हैं, जिसमें वह बुर्का और हिजाब पहने दिख रही हैं। और ये देख हर कोई हैरान रह गया है। वह बहरीन की सबसे बड़ी मस्जिदों में से एक अल-फतेह ग्रैंड मस्जिद पहुंची और वहां अलग-अलग तरह से पोज दिया।



# दर्जी का काम करके बना बॉलीवुड का स्टार, कभी बैन हो गई थी फिल्में...

*नई दिल्ली। फिल्म शोले के दौरान कई कलाकार ऐसे थे जिनकी निजी जिंदगी पर लोगों का ध्यान कम गया, लेकिन उनका योगदान बेहद अहम रहा। उन नामों में एके हंगल भी शामिल हैं, जिन्होंने इमाम चाचा के रूप में कम समय के रोल में गहरी छाप छोड़ी थी। असल जिंदगी में उनका रिश्ता देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाद में इंदिरा गांधी के परिवार से दूर का नाता रखता था। फिल्मों में देर से आने के बावजूद उन्होंने कई दशकों तक लगातार काम किया और अपने शांत लेकिन मजबूत अभिनय से पहचान बनाई।*



### अमिताभ ने की थी मदद

बढ़ती उम्र के साथ हंगल आर्थिक दिक्कतों से भी जूझने लगे। 2007 में तबीयत बिगड़ने पर इलाज का खर्च निकालना मुश्किल हो गया था। इसी दौरान अमिताभ बच्चन ने आगे बढ़कर 20 लाख रुपए की मदद दी, जिसकी पूरे उद्योग में चर्चा हुई। 97 साल की उम्र में जब उनका निधन हुआ तो फिल्म जगत के कुछ चुनिंदा कलाकार ही अंतिम संस्कार में दिखाई दिए, जबकि बड़े नाम दूर रहे। इसके बावजूद हंगल का काम, उनकी सादगी और उनका संघर्ष आज भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक खास जगह बनाए हुए है।

### सियालकोट में हुआ था जन्म

हंगल का शुरुआती दौर संघर्षों से भरा रहा। पाकिस्तान के सियालकोट में जन्म और पेशावर में परवरिश के बाद उन्होंने दर्जी का काम किया, फिर स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। आजादी की लड़ाई में सक्रिय रहने पर उन्हें तीन साल जेल में भी रहना पड़ा। बंटवारे के बाद जब वह मुंबई आए, तो थिएटर से शुरुआत की और धीरे-धीरे फिल्मों में अपनी जगह बनाई। उनकी ईमानदार छवि और विचारों के कारण कभी-कभी विवाद भी खड़े हुए. एक समय उनकी फिल्मों पर रोक तक लगा दी गई थी, जिसका असर उनके करियर पर साफ दिखाई दिया।

# रूमर्ड बॉयफ्रेंड राहुल संग फिर नजर आईं श्रद्धा...



**मुंबई।** श्रद्धा कपूर और राहुल मोदी इन दिनों सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। एक प्यारा सा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें श्रद्धा अपने कथित बॉयफ्रेंड राहुल को अपने हाथों से मीठा खिलाती नजर आ रही हैं। दोनों मुंबई में एक नए रेस्तरां में साथ दिखे। उनकी क्यूट केमिस्ट्री देखकर फैंस बहुत खुश हो रहे हैं। इस वायरल वीडियो में श्रद्धा बहुत खुश नजर आ रही हैं और राहुल को प्यार से खाना खिलाते हुए उनकी स्माइल सबका दिल जीत रही है। यह वीडियो देखते ही देखते इंटरनेट पर श्रद्धा के फैंस के बीच वायरल हो गया है। श्रद्धा और राहुल के इस वीडियो पर फैंस लाल दिल वाली इमोजी बना रहे हैं। श्रद्धा ने हाल ही में अपने फैंस को बताया कि उन्होंने एक फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। अभी उसकी ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है, इसलिए वे ज्यादा डिटेल नहीं बता सकतीं, लेकिन जल्द ही अच्छी खबर आएगी। हो सकता है कि श्रद्धा अगली फिल्म राहुल मोदी के साथ करें। यह फिल्म स्टार्टअप और हसल कल्चर पर आधारित है। श्रद्धा बहुत एक्साइटेड हैं और इस फिल्म में उनका रोल बिल्कुल नया और चुनौतीपूर्ण होगा। श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म का नाम 'नागिन' है। यह फिल्म प्रेम और बलिदान पर आधारित होगी। हाल ही में फिल्म निर्माता निखिल द्विवेदी ने फिल्म को लेकर बताया कि इस फिल्म की शूटिंग 2025 में शुरू होने की उम्मीद है। श्रद्धा कपूर की 'नागिन' 2025 या फिर 2026 तक फ्लोर पर आएगी।

## एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था

# कमाल के एक्टर ही नहीं, फैशन गाइड भी थे देव आनंद

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के सुपरस्टार देव आनंद के अभिनय और अंदाज के बारे में तो लोग बातें करते ही हैं, साथ ही उनकी दीवानगी के किस्सों पर भी खूब बातें हुआ करती हैं। कहा जाता है कि उन पर काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। देव आनंद शानदार अभिनेता, प्रतिभाशाली निर्देशक और निर्माता थे। 60 के दशक में फिल्म इंडस्ट्री में रोमांस, स्टाइल और दिल को छूने वाले किरदार निभाने वाले देव आनंद यारों के यार थे।



### 65 रुपए की पगार पर की नौकरी

देव आनंद ने करीब छह दशक तक इंडस्ट्री पर राज किया। उनका जन्म 26 सितंबर 1923 को पंजाब के शंकरगढ़ में हुआ था। देव आनंद का असली नाम धर्मदेव पिशोरिमल आनंद था, लेकिन उन्हें बॉलीवुड में सिर्फ देव आनंद के नाम से जाना गया। देव साहब के घर वाले उन्हें चीरू कहकर बुलाते थे। देव आनंद बचपन से ही एक्टर बनना चाहते थे। अंग्रेजी साहित्य में पढ़ाई करने के बाद 1940 की शुरुआत में देव आनंद एक्टर बनने का सपना लेकर मुंबई चले आए। यहां उन्होंने चर्चगेट पर मिलिट्री सेंसर के ऑफिस में 65 रुपए की पगार पर नौकरी की, इसके बाद उन्होंने एक अकाउंटिंग फर्म में 85 रुपए प्रति माह की नौकरी बतौर क्लर्क की। इसके बाद वह अपने बड़े भाई चेतन आनंद के साथ जुड़ गए और इंडियन पीपुल थिएटर एसोसिएशन (आईपीटीए) के सदस्य बन गए।

### 1946 से शुरू हुआ अभिनय सफर

देव आनंद की पहली फिल्म 'हम एक हैं' (1946) थी। देव आनंद के बारे में कहा जाता है कि वह इतने हैंडसम थे कि उन्हें फिल्में भी यूं ही मिल जाया करती थीं। एक सांस में लंबी डायलॉग डिलीवरी और एक तरफ झुक कर चलने का उनका खास अंदाज लोगों को बहुत पसंद आता था। देव आनंद ने अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया। 1946 से 2011 तक देव आनंद ने सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहते हुए लगभग 19 फिल्मों का निर्देशन किया और अपनी 13 फिल्मों की कहानी खुद लिखी। बतौर अभिनेता देव आनंद की सबसे अधिक चर्चित फिल्में थीं 'गाइड', 'जिद्दी', 'काला पानी', 'हरे कृष्णा हरे रामा' और 'मुनीम जी। फिल्म गाइड आज भी दर्शकों को पसंद है। इस फिल्म के जरिए पहली बार लिव इन रिलेशनशिप को पर्दे पर दिखाया गया था। यह देव आनंद की पहली रंगीन फिल्म थी, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्टर का फिल्म फेयर अवॉर्ड भी मिला।



### निभाया था गुरु दत्त से किया वादा

देव साहब को एक्टिंग और डायरेक्शन में महारत हासिल थी। वर्ष 1949 में उन्होंने नवकेतन फिल्म्स के नाम से अपनी प्रोडक्शन कंपनी की शुरू की। गुरु दत्त को ब्रेक देने का श्रेय भी देव साहब को ही दिया जाता है। इसके पीछे एक दिलचस्प किस्सा है। 1940 के आसपास की बात है। देव आनंद एक्टर बनने मुंबई आए थे। एक फिल्म के सिलसिले में उन्हें प्रभात स्टूडियो जाना था। उस इलाके में एक ही लॉन्ड्री थी, जहां देव आनंद अपने कपड़े धुलवाया करते थे। उस दिन जब वे लॉन्ड्री पहुंचे तो उनके कपड़े गायब थे। देव, दूसरे कपड़े पहनकर स्टूडियो पहुंचे। वहां जाकर देखा कि एक लड़के ने उनके वही कपड़े पहने थे, जो लॉन्ड्री से गायब हुए थे।

### ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं

देव आनंद को उनके रोमांटिक रोल और जबर्दस्त स्टाइल के लिए जाना जाता था। उनकी चेक प्रिंटिड कैप का प्रभाव आने वाली पीढ़ी पर खूब पड़ा था। देव आनंद का लुक बेहद यूनिक था। अपने स्टाइल से वे लोगों के बीच फैशन 'गाइड' भी बन गए थे। ज्यादातर लोगों ने उनकी स्टाइल की कैप पहनना शुरू कर दी थीं और आज भी सिलसिला जारी है। उन्हें लेकर एक बात खूब कही जाती है कि फिल्म 'काला पानी' के बाद कोर्ट की तरफ से उनके काले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कथित तौर पर काले कपड़ों में वे इतने जंचते थे कि लोग फिदा हो जाते थे। खासकर युवतियां उन्हें हालांकि, कई मीडिया रिपोर्ट्स में ऐसे दावे भी किए गए कि यह सिर्फ अफवाह मात्र थी, मगर इतनी ज्यादा प्रचारित हुई कि इसे हकीकत माना जाने लगा।

